



**14 तालाबों में लहराई सरसों!**

# पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप, जांच समिति गठन तक सिमटी

### जिपं के तत्कालीन सीईओ ने जांच समिति गठित कर मांगी थी रिपोर्ट

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 मार्च।** जनपद पंचायत गोहद की वकनासा पंचायत में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पंचायत के तत्कालीन सचिव राजवीर बघेल पर आरोप है कि उन्होंने पंचायत में करीब 14 तालाबों के निर्माण के नाम पर राशि निकाल ली लेकिन जब इन तालाबों की पड़ताल की गई तो वहां तालाबों की जगह खेतों में हरी- भरी सरसों लहराती नजर आई इस पूरे मामले को अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सचिव राजवीर बघेल को उक्त पंचायत से हटाकर जनपद पंचायत गोहद में अटैच कर दिया था। साथ ही जिला पंचायत के सीईओ को पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश भी दिए थे। लेकिन जांच समिति के गठन तक सिमट कर रह गई है।

बता दें ग्राम पंचायत बकनासा के सचिव राजवीर सिंह ने निवर्तमान व वर्तमान सरपंच के साथ मिलकर 14 तालाबों के निर्माण के लिए राशि निकाली थी। इनमें 13 तालाब की जगह इनमें सरसों की फसल लहलहाने की शिकायत बकनासा निवासी उपेंद्र तोमर द्वारा निरंतर की जा रही है। इनके द्वारा दो टीनशैड की राशि भी खुर्दबुर्द किए जाने की भी शिकायत की गई थी। जांच में व्यापक गड़बड़ी सामने आई थी। इसके बाद तत्कालीन सीईओ जेके जैन सहित अन्य अधिकारियों की मेहरबानी ऐसी हुई कि 1.23 करोड़ रुपए का घोटाला महज 1.25 लाख रुपए का रह गया। इतना ही नहीं सचिव बघेल का उसी ग्राम पंचायत में तत्कालीन सीईओ सुनील दुबे द्वारा पदस्थ भी कर दिया गया था। तब कलेक्टर द्वारा सचिव बघेल को जनपद पंचायत गोहद में अटैच किया गया था। इधर तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ सुनील दुबे ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया था। टीम को निर्देश दिए गए थे कि पंचायत में हुए कार्यों की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए लेकिन हैरानी की बात यह है कि एक माह बीत जाने के बाद भी न तो जांच रिपोर्ट सामने आई और न ही सचिव के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई। अभी तक न तो सचिव को निलंबित किया गया है और न ही उनके खिलाफ कोई अपराध दर्ज कराया गया है।




### पंचायत सचिव पर आला अधिकारी रहे मेहरबान

बकनासा ग्राम पंचायत के सचिव राजवीर बघेल जिला पंचायत के आला अधिकारी मेहरबान रहे हैं। चाहे वे तत्कालीन सीईओ जेके जैन हों या तत्कालीन सीईओ सुनील दुबे हों। जब किसी कर्मचारी पर विभाग का मुखिया ही मेहरबान हो तो उसके अधीनस्थ अधिकारियों की संबंधित पर कृपा स्वत: ही हो जाती है। यही कारण रहा कि तत्कालीन सीईओ सुनील दुबे द्वारा बनाई गई जांच समिति सप्ताह भर में तो क्या महीने भर में भी जांच नहीं कर सकी है। बताया जाता है कि इस समिति में भी वही अधिकारी- कर्मचारी शामिल किए गए थे जो तत्कालीन सीईओ सुनील दुबे के करीबी रहे।

### सचिव के करीबी बताए जाते हैं जांच समिति के अधिकारी

सूत्रों की मानें तो जिन अधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी दी गई थी, वे पहले से ही संबंधित सचिव के करीबी बताए जाते हैं। यही कारण है कि जांच की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। बताया जा रहा है कि भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद सचिव राजवीर बघेल एक बार फिर उसी बकनासा पंचायत में पदस्थ होने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर उस पंचायत में ऐसा क्या है जिसके लिए सचिव द्वारा बार- बार उसी जगह लौटने के प्रयास किए जा रहे हैं यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होती है तो पंचायत में हुए करोड़ों के कथित भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा हो सकता है।

**भ्रष्टाचार करने वालों के बचाव से ऐसा करने वालों का बढ़ता है मनोबल:** जब अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारी को बचा लिया जाता है तो अन्य को भी गड़बड़ी करने का हौंसला बढ़ता है। क्योंकि वह मान लेते हैं कि अगर पकड़े भी गए तो अधिकारियों की कृपा से बचकर निकल जाएंगे। जिले में ऐसी और ग्राम पंचायतें हैं जिनमें व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी हुई है लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी से यह भी बेखौफ हैं।

> **पंचायत सचिव रिकार्ड सौंप गए, अभी जांच आगे नहीं बढ़ी**
> बकनासा ग्राम पंचायत के कामकाज की जांच पड़ताल के लिए तत्कालीन सीईओ सुनील दुबे द्वारा तीन सदस्यीय समिति बनाई थी। इसके बाद पंचायत सचिव से कागजात मगाए गए थे। पंचायत सचिव रिकार्ड का बस्ता सुपुर्द कर गए हैं। लेकिन अभी तक जांच की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी है।
> **नितिन दुबे, परियोजना अधिकारी, जिला पंचायत,**



## कलेक्टर ने हितग्राही को तत्काल दिलवाई ट्राइसाइकिल

### जनसुनवाई में 62 से अधिक प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 मार्च।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने जनसामान्य की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान 62 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम अजनार जनपद पंचायत लहार निवासी भूरेलाल शर्मा पुत्र देवीदयाल शर्मा ने ट्राइसाइकिल दिलाए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तत्काल कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर भूरेलाल को ट्राइसाइकिल तत्काल उपलब्ध कराई।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं, बीपीएल राशन कार्ड एवं जमीन पर कब्जा से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

## पेयजल व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम बनाया

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,10मार्च।** जिले में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये पेयजल व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से नियंत्रण प्रकोष्ठ कंट्रोल रुम का गठन कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड भिंड किया गया है। कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया है कि कंट्रोल रूम प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक चालू रहेगा, जिसके प्रभारी जीएस भदौरिया प्रभारी सहायक यंत्री होंगे, इनका मोबाइल नंबर 98263.33572 है। गठित नियंत्रण प्रकोष्ठ; कन्ट्रोल रुमद्ध पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्राल रूम में सोमवार से शुक्रवार शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक हैंड पम्प टैक्नीशियन गुरुदास यादव मोबाइल नंबर 84356.66136 एवं दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक संविदा हैंड पम्प टैक्नीशियन मंगल परिहार मोबाइल नंबर् 88278.87224 की ड्यूटी रहेगी तथा शासकीय अवकाश के दिन प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संविदा हैंड पम्प टैक्नीशियन कमलेश नापित मोबाइल नंबर 96301.92168 एवं दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक संविदा हैंड पम्प टैक्नीशियन नरेन्द्र सिंह चौहान मोबाइल नंबर 85180.85807 की ड्यूटी लगाई गई है।

### पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

भिंड। भिंड जिले के गोरमी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी इंद्रजीत जाटव पुत्र श्रीकृष्णा जाटव (22) निवासी हरिहर का पुरा जिला मुरैना की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

### दहेज यातना से तंग नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**भिंड।** अमायन थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर एक नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच के बाद पति, जेठ और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रियंका माहौर (२२) पत्नी सुरेंद्र माहौर निवासी अंधियारी खुर्द तहसील गोहद थाना अमायन ने 8 फरवरी 2026 को अपने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान सामने आया कि मृतका को ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे।

## जमना ऑटो इंडस्ट्रीज़ ने लगाया महिला स्वास्थ्य शिविर



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,10मार्च।** मालनपुर क्षेत्र में संचालित जमना ऑटो इंडस्ट्रीज द्वारा विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में निशुल्क सामुदायिक महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आंगनवाड़ी केन्द्र ,ग्राम सिंधवारी मैं किया गया ।शिविर में डॉ.नेहा शुक्ला (स्त्र्ष्ठ),डॉ.अर्चना जैन ने महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाइयां दी गई इसके अतिरिक्त डॉ.आशीष राजपूत एवं डॉ.पवन सोनी ने सामान्य रोग संबंधी एवं नेत्र सम्बंधी परीक्षण एवं परामर्श किया , इस शिविर में गाँव के किशोरियों ,महिला एवं गर्भवती महिलाओं ने शिविर का लाभ लिया ।इस शिविर का आयोजन जमना ऑटो (जी एम,एच.आर.) एन. एम. कयृ.शमशी जी के मार्गदर्शन में किया गया ,कैंप में डिप्टी मैनेजर महेंद्र सिंह, डॉ राजेश शाक्य (इं.मेडिकल ऑफ़िसर ,जमना आटो ), अरुणेश भदौरिया , सेफ्टी मैनेजर अभिषेक पांडेय, रामरतन ,प्रेमनारायण , सुनील ने कैंप में सहयोग किया। इस अवसर पर मेडिकल टीम से नीलम दीक्षित ,कार्यक्रम अधिकारी अच्छेंद्र सिंह कुशवाह का सहयोग सराहनीय रहा, इसके अतिरिक्त महिलाओं का प्रशिक्षण एवं सम्मान कार्यक्रम , नुक्कड़ नाटक, मंडी हाउस देहली की टीम द्वारा ग्राम मालनपूर , हायर सेकेंडरी स्कूल मालनपुर एवं कंपनी परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है जिसके द्वारा महिला सशक्तिकरण ,बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया इस अवसर पर समस्त कंपनी कर्मचारी , मालनपुर वासियों एवं स्कूल के बच्चों व शिक्षक दीपा भदौरिया ने कार्यक्रम की सराहना की ।

### एक नजर में



### शिवाजी पब्लिक स्कूल में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर

मालनपुर। मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। जिनका उद्देश्य बच्चों और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त जांच दवाएं चश्मा अन्य क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा विद्यालय के करीब 700 सौ छात्रों की आंखों की जांच की गई ,आंखों की जांच के साथ-साथ बी पी शुगर मौसमी बीमारियों की भी जांच की गई चिकित्सकों की टीम और डॉक्टर प्रशांत गुर्जर ( बी एम एस ) ने सभी बच्चों को बदलते मौसम को देखते हुए खान-पान पर ज्यादा से ज्यादा कम ताला भोजन ,जंक फूड जैसे कि मैगी, पास्ता, नूडल, समोसा, कचौड़ी, पिज्जा, बर्गर, मोमोस,फिंग्स, खाने से बचने की सलाह दी स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने छात्रों से कहा कि बदलते मौसम में अपना विशेष ख्याल रखो, बच्चों को बीमारियां जल्दी पकड़ती हैं विशेष ध्यान देने की जरूरत है ।इस नेत्र परीक्षण शिविर में वी एम एस डॉ तरूण सिंह ( ऑप्टोमेट्रिस्ट, आई चेकअप ) बी एम एस विजय , नितिन तोमर, अनूप तोमर , ललित बघेल आदि मौजूद रहे।



### मालनपुर सब्जी मंडी में चली जेसीबी, हटाया गया अवैध अतिक्रमण

मालनपुर। नगर परिषद मालनपुर क्षेत्र में बढ़ते अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया और भिंड कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशन में और गोहद एस डी एम राजन नाडिया के मार्गदर्शन में सब्जी मंडी रोड पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। पूर्व में ही अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा चेतावनी जारी की गई और नोटिस भी थमाए गए एवं कस्बे में मुनादी भी कराई गई थी बावजूद अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, सीएमओ रेहान अली ,नगर परिषद , राजस्व अमले और पुलिस बल के साथ अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंचे,अमले को देखकर अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया, कुछ अतिक्रमणकारी अपने आप ही अतिक्रमण हटाने लगे तो वहीं कुछ अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों ने सड़क किनारे अतिक्रमण कर रखा है, वे स्वयं ही हटा लें वरना कार्रवाई की जाएगी और अतिक्रमण हटाया जाएगा। नायव तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अभी और चलेगी। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, नगर परिषद मालनपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी रेहान अली, पटवारी संजय शर्मा ,नगर परिषद उपयंत्री विजयश्री शर्मा तथा मालपुर थाने का पुलिस बल मौजूद रहा।



### राजयोग मेडिकल विंग द्वारा चलाया गया नशा मुक्त भारत अभियान

मालनपुर। ब्रह्माकुमारीज गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर के द्वारा आज सुप्रीम कंपनी में नशे से दूर रहने के लिए ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की नशा नाश की जड़ है। आज मनुष्य नशे की लत के कारण स्वास्थ्य के ऊपर बुरा असर पड़ रहा है। कई ऐसी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। 90 मौत नशे के कारण हो रही है। अगर इस नशे पर कंट्रोल नहीं किया गया तो आने वाले समय में व्यसनी को बचाने में आसंभव हो जायेंगे। नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी, चलचित्र और पर्चो के माध्यम से प्रचार प्रसार किया और अनेकों भाई बहनों ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया। यह अभियान एक महीने तक ग्वालियर में रहेगा। नशा मुक्ति कार्यक्रम तीन स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस एसएलपी कॉलेज सी पी कॉलोनी मुरार, दूसरा सुप्रीम कंपनी इंडस्ट्रियल एरिया मालनपुर, तीसरा टोल टैक्स डांगगुठीना। अंत में सभी भाई बहनों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में अनामिका बहन, अंजलि बहन, अर्चना बहन, बीके महेश भाई, यशवंत भाई, सुनील भाई, अनूप भाई सभी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने स्व . माधवराव की जयंती पर किया नमन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 मार्च।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 81वीं जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोकुलधाम गौशाला पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रसिद्ध मंशापूर्ण हनुमानजी मंदिर के परिसर में साधु संतों को स्व. सिंधिया की याद में पेयजल सामग्री, बिस्किट के पैकेट एवं फलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश अग्रवाल (बाबूजी) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता बाबूजी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वण्माधवराव सिंधिया एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने शिक्षा, खेल, रेल और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में प्रगति के नए आयाम स्थापित किए। उन्हें आधुनिकता और लोक कल्याण के प्रति समर्पित माना जाता है। स्व. माधवराव सिंधिया ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1971 में भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ से की थी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा कि स्व. सिंधिया राजनीति में शुचिता एवं गरिमा के प्रतीक थे।

उनका विजन दलगत राजनीति से ऊपर था और उन्होंने हमेशा आमजन के कल्याण को प्राथमिकता दी। उनके विकास कार्यों, सादगी और जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें एक दूरदर्शी नेता बताया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यों के माध्यम से उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता सुनील दुबे, रंजीत सिंह कुशवाह, रविन्द्र सिंह नरवरिया, जिला उपाध्यक्ष तरुण शर्मा, जिला मंत्री सरोज बघेल, सिद्धार्थ जैन, विकास शर्मा, अमित जैन, प्रभाकर सिंह नरवरिया, राकेश जैन, विपिन चतुर्वेदी, सुरेन्द्र गर्ग आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसान ई- उपार्जन पोर्टल पर 16 मार्च तक करा सकते हैं

**भिंड।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने वर्ष 2026-27 हेतु जिले के समस्त कृषकों को सूचित कर कहा है कि चना एवं मसूर फसलों के विक्रय के लिए किसान पंजीयन निर्धारित तिथियों में किया जाना है। किसान भाई ई- उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसलों का पंजीयन 16 मार्च 2026 तक करा सकते हैं। इसी प्रकार भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत किसान भाई सरसों फसल का पंजीयन ई- उपार्जन पोर्टल पर दिनांक 20 मार्च 2026 तक करा सकते हैं। कृषक अपने नजदीकी सहकारी समिति, सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र, लोक सेवा केंद्र ग्राम पंचायत कार्यालय जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र अथवा मप्र किसान एप के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि में पंजीयन कराएं ताकि उन्हें शासन की योजना का लाभ प्राप्त हो सके।




## जागरूकता रैली निकालकर दिया फिट इंडिया वूमेन के महत्व का संदेश

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,10मार्च।** कलेक्टर करोड़ीलाल मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति के अपघटक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत फिट इंडिया वूमेन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना भिंड शहरी द्वारा जागरूकता रैली निकालकर फिट इंडिया वूमेन के महत्व को समझाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि फिट इंडिया वूमेन की गतिविधियां केवल सप्ताह भर ही आयोजित नहीं होंगी अपितु यह एक दैनिक जीवन में समाहित की जाने वाली प्रक्रिया है।

फिट इंडिया वूमेन सप्ताह हो अथवा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हो सभी का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को न केवल शारीरिक तौर पर सशक्त करना अपितु उनके सर्वांगीण विकास हेतु मानसिक तौर परए सामाजिक रूप से विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना है। इसके साथ ही बाल विवाह गतिविधियों की परियोजना स्तर पर समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि बाल विवाह की संभावना होने पर अंतिम समय के लिए इंतजार ना करें अपितु सूचना मिलने पर तुरंत कार्यवाही करें और सभी प्रतिभागियों द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ ली गई। प्रमुख हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1930, 112 के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान शहरी परियोजना अधिकारी सुलक्षणा चौरसिया और सभी पर्यवेक्षक तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताए महिला और किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## बदमाश गिरफ्तार,आरोपी के पास से देशी कट्टा बरामद

**भिंड।** देहात थाना पुलिस हत्या के प्रयास के मामले में फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 11 फरवरी की रात करीब 9 बजे संतोष नगर भिंड में फरियादी राजीव उर्फ राजू सिंह राजावत अपने उधार के पैसे मांगने गया था इसी बात को लेकर आरोपी जावेद खान पुत्र कल्लू खान निवासी बीटीआई रोडए महावीर नगर भिंड ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर फरियादी पर गोली चला दी और मौके से फरार हो गया। गोली लगने से फरियादी के कंधे में गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देहात पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

### तरुण की हत्या के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च

**भिंड।** दिल्ली के उत्तम नगर में हिंदू युवक तरुण खटीक की निर्मम हत्या के विरोध में गोहद नगर में खटीक समाज के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। समाज के लोगों ने दिवंगत तरुण खटीक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च की शुरुआत गोहद के खटीक मोहल्ला वार्ड क्रमांक 4 काली चौक से की गई। इसके बाद समाज के लोग हाथों में कैंडल लेकर इटली गेट, सराफा बाजार, पुराना बस स्टैंड, भानु की घटिया और पुरानी सब्जी मंडी होते हुए अटल चौक पहुंचे। यहां सभी ने दिवंगत तरुण खटीक को श्रद्धांजलि दी और घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## निजी स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,10मार्च।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध उपलब्ध कराए गए हैं। निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जायेगा।

डिप्टी कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र महेंद्र सिंह सौजन्या ने बताया कि शिक्षा का अधिकारअधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026- 27 में गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा जारी कर दी गई है। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आरटीई पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, नि:शुल्क प्रवेश के लिए गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 9 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आरटीई में नि:शुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा हैए तत्संबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापनए संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने सेए आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

### 28 मार्च रहेगी आवेदन करने की अंतिम तिथि, 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश।

### आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी आवंटित सीट की जानकारी

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहां सीटें खाली हैं, तो आरटीई पोर्टल अथवा जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय अथवा विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आयु के संबंध में नर्सरी, केजी 1, केजी 2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 से 4 वर्ष 6 माह एवं कक्षा 1 में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 6 वर्ष से अधिक से 7 वर्ष 6 माह तक निर्धारित की गई है। सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु नर्सरी से केजी 2 तक कक्षाओं के लिए आवेदक की आयु की गणना 31 जुलाई 2026 की स्थिति में एवं कक्षा 1 के लिए 30 सितम्बर 2026 की स्थिति में की जायेगी।